तारीख हुक्म	**हरदेव जोशी बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, बालेसर)** सू.अ.अपील संख्या 245/2022	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
02.09.22	अपीलार्थी हरदेव जोशी पुत्र रामदयाल निवासी बेलवा खत्रिया, सोनी मंदिर के पास, बालेसर, पुलिस थाना बालेसर, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 09.06.2022 में उसके द्वारा जिला जोधपुर के तहसील बालेसर के पटवार हलका बेलवा के खसरा न. 1220, 1265, 1266, 1267, 1281, 1643, 1952/17 व 908 गैर मुमकिन गोचर व गैर मुमकिन नाडी भूमि में अतिक्रमण की सूची तथा की गई कार्यवाही से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, बालेसर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, बालेसर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, बालेसर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, बालेसर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	